*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

## पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत मिलेट (श्री अन्न) रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन

पंतनगर। 11 सितम्बर 2025। अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना कृषिरत महिलाऐं एवं जनरल बिपिन रावत हिल डेवलपमेंट अनुसंधान विद्यालय, पंतनगर के संयुक्त तत्वावधान में मिलेट (श्री अन्न) रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन महिला क्लब, पंतनगर में किया गया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन डा. संज्ञा सिंह ने किया, जबकि आयोजन का समन्वय डा. सीमा क्वात्रा, प्राध्यापक, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान और डा. पूनम तिवारी, जूनियर वैज्ञानिक, ए.आई.सी.आर.पी. के मार्गदर्शन में किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सुश्री भाव्या द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने श्री अन्न के कई स्वादिष्ट और अभिनव व्यंजन प्रस्तुत किए, जिनमें पोषण और परंपरा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। महिला क्लब की सदस्यों द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी, झंगोरा, कुटटू आदि श्रीअन्न के अनेक व्यंजन जैसे पुअे, मठरी, नमकपारे, मालपुए, इडली, लडडू, बालूशाही, खीर, मुठिया, आदि बनाये। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य मिलेट्स को लोकप्रिय बनाना और पोषणयुक्त आहार के महत्व को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल डा. अनुपमा पांडे और डा. नीतू डोभाल ने निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला क्लब की अध्यक्ष श्रीमति वीना चौहान एवं सचिव श्रीमति विजयलक्ष्मी का विशेष सहयोग रहा।